Pg.
Date

# Lesson-5 लिंग और वचन

(Do this work in Hindi I<sup>st</sup> copy)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -

(क) लिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर: शब्द के जिस रूप से किसी व्यक्ति या वस्तु के पुरुष अथवा स्त्री जाति के होने का बोध हो, वह लिंग कहलाता है। जैसे- कवि, लड़का, गंगा, सीमा, मच्छर, बकरी आदि।

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर: लिंग के दो भेद होते हैं। (1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग

पुल्लिंग- पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे- लड़का, कवि, माली, दरज़ी आदि।

स्त्रीलिंग- स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे- स्त्री, बकरी, मालिन, धोबिन आदि।

(ग) वचन किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? लिखो।

Pg. □□

Date □□ □□ □□□□

उत्तर: वचन: शब्द के जिस रूप से संख्या (एक या अनेक) का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं; जैसे पुस्तक - पुस्तकें।
वचन के दो भेद होते है - एकवचन, बहुवचन।

(ख) एकवचन और बहुवचन में क्या अंतर है? समझाकर लिखो।

उत्तर: एकवचन - शब्द के जिस रूप से एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे - पुस्तक, कुत्ता, गेंद, बेटा, स्त्री आदि। जबकि शब्द के जिस रूप से अधिक व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे - लड़के, पुस्तकें, स्त्रियाँ, मालाएँ, बेटे आदि।

Pg. ☐☐
Date ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

(Do this work in book)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -

(क) श्री शिव कुमार एक अच्छे लेखक हैं।
(ख) जिससे एक या अनेक का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।
(ग) माला का बहुवचन मालाएँ है।
(घ) भाषाओं के नाम स्त्रीलिंग होते है।
(ङ) रेलगाड़ी जा रही है।

3. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखो -

(क) रानी ब्राह्मण को दान देती है।
(ख) अध्यापिका पढ़ा रही हैं।
(ग) मालिन फूल तोड़ रही है।
(घ) गायिका गीत गाती है।
(ङ) मालकिन नौकर को पीटती है।

4. निम्नलिखित शब्दों के सही विकल्पों पर (✓) का चिह्न लगाओ -

(क) लता - लताएँ  छात्राएँ - छात्रा

(ख) कपड़े - कपड़ा  बछड़ा - बछड़े

(ग) दीवार - दीवारें  कथा - कथाएँ

Pg. □□

Date □□ □□ □□□□

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ -

(क) वृक्षों के नाम प्रायः होते हैं -

उत्तरः पुल्लिंग

(ख) 'इंद्र' का स्त्रीलिंग रूप होगा -

उत्तरः इंद्राणी

(ग) 'वह' का बहुवचन होगा -

उत्तरः वे

(घ) 'ये' का एकवचन होगा -

उत्तरः यह

(ङ.) कछुआ, खटमल, तोता आदि सदैव होते हैं -

उत्तरः पुल्लिंग